दिन– शनिवार दिनांक– 31 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट करेंगी प्रस्तुत।

02. बिहार विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से हो रहा है शुरू। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव तीन फरवरी को राज्य का बजट पेश करेंगे।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में प्रगति यात्रा के दौरान शुरू किये गये विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा दो फरवरी से। परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी।

---

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट प्रस्तुत करेंगी। लोकसभा के बाद बजट की प्रति राज्यसभा में पेश की जायेगी। संसद में बजट भाषण सम्पन्न होने के बाद बजट की प्रति मोबाईल एप और वेबसाईट पर भी उपलब्ध होगी।

---

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन नौवीं बार बजट पेश करने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आम बजट जनहित में होगा और लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप होगा।

–––बाइट–––

जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि बिहार पूरे देश में सबसे तेज गति से बढ़ता हुआ राज्य है। उन्होंने कहा कि आम बजट आने वाला है, उन्हें उम्मीद है कि बिहार को केंद्र की विशेष सहायता जारी रहेगी।

–––बाइट–––

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए।

–––बाइट–––

---

सामायिक चर्चा के तहत आकाशवाणी पटना से आज केन्द्रीय बजट पर आधारित विशेष कार्यक्रम का प्रसारण रात्रि सात बजकर बावन मिनट से किया जायेगा। वहीं, कल दिनांक एक फरवरी रविवार को केन्द्रीय बजट पर सजीव प्रसारण के चलते सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार का प्रसारण संध्या पांच बजे से किया जायेगा।

आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार के साथ विशेष बातचीत कल संध्या चार बजे से प्रसारित होगी।

---

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू हो रहा है। यह सत्र सत्ताईस फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कुल उन्नीस बैठकें होंगी। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां विधानमंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल में विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को संबोधित करेंगे। इसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश होगा। राज्यपाल द्वारा स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति सदन पटल पर रखी जायेगी। सत्र के दूसरे दिन तीन फरवरी को वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट पेश करेंगे। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. ने बताया है कि बजट सत्र के दौरान सुरक्षा के त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी और आठ क्यूआरटी भी सक्रिय रहेगा।

---

बिहार विधानमंडल में तीन फरवरी को राज्य सरकार अपना बजट पेश करेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नवगठित एनडीए सरकार का यह पहला पूर्ण बजट होगा। इस बजट के कई मायनों में महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट आकार तीन लाख अस्सी हजार करोड़ रूपये होने की सम्भावना है। यह राशि पिछले बजट से लगभग उन्नीस प्रतिशत तक अधिक होगी। इस बार के बजट में मुख्य रूप से सात निश्चय तीन पर सरकार का फोकस रहेगा। राज्य के विकास और बजट आकार में बढ़ोतरी के साथ गैर योजना स्थापना और प्रतिबद्ध खर्च में बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही बड़े पैमाने पर विभिन्न विभागों में नियुक्तियों का भी प्रस्ताव है। इसके चलते बजट में वेतन–पेंशन मद में बढ़ोतरी की सम्भावना जतायी जा रही है। इसके अलावा सरकार का मुख्य फोकस औद्योगिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और

आधारभूत संरचनाओं के निर्माण पर होने की सम्भावना है। साथ ही लोगों की निगाहें उन घोषणाओं पर भी टिकी हैं, जिनसे उनके जीवन स्तर सुधार हो। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से अभिषेक दास।

———————————————————————

पटना में नीट छात्रा की मौत मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। पटना के आईजी को मामले से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज सीबीआई को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। गौरतलब है कि पटना के चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र में एक हॉस्टल में रहने वाली छात्रा की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी थी।

———————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि सरकार की नियत साफ है। इसीलिए सीबीआई जांच की सिफारिश की गयी है। दरभंगा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके इसके लिए सीबीआई जांच का फैसला किया गया है।

———बाइट———

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में प्रगति यात्रा के दौरान किये गये विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने नेहरू पथ पर रूपसपुर से सगुना मोड़ तक दोनों ओर बन रहे भूमिगत नाले और सड़क चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने दीघा एम्स पाटलि पथ से नेहरू पथ के संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दीघा गोलम्बर के पास जे.पी. गंगा पथ पर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य को भी देखा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी समेत कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा दो फरवरी से शुरू होगी। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने आज पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि परीक्षा के आयोजन की सारी तैयारियों को पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि एक हजार सात सौ बासठ परीक्षा केंद्रों पर तेरह लाख सत्रह हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। श्री किशोर ने कहा कि पहली पाली की परीक्षा सुबह

साढ़े नौ बजे से, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे शुरू होगी। उन्होंने परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले तक प्रवेश करने को कहा है। श्री किशोर ने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए सभी जरूरी इंतजाम किये गये हैं।

---

राज्य के तेरह पारंपरिक विश्वविद्यालयों के शिक्षक कर्मियों के वेतन–पेंशन भुगतान के लिए तीन सौ दस करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी की गयी है। इस राशि से जनवरी महीने के वेतन–पेंशन का भुगतान किया जाएगा।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरु रविदास की जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि गुरु रविदास एक पूजनीय संत और महान समाज सुधारक थे और उन्होंने समानता, सामाजिक न्याय और प्रेम का संदेश दिया। राष्ट्रपति ने लोगों से गुरु रविदास की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया है।

---

केंद्र सरकार ने वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को पारदर्शी, जन–सुलभ और जवाबदेह बनाने के लिए उम्मीद पोर्टल पर सर्वेक्षण मॉड्यूल तथा वक्फ संपत्ति पट्टा मॉड्यूल शुरू किया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने कहा है कि सर्वेक्षण मॉड्यूल, पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण से संबंधित जानकारी को एकत्र करने, प्रबंधित करने और अद्यतन के लिए डिजिटल ढांचा प्रदान करता है। वक्फ संपत्ति पट्टा प्रबंधन मॉड्यूल को वक्फ संपत्तियों की पट्टा संबंधी जानकारी के संपूर्ण प्रबंधन को सुगम बनाने के उद्देश्य से प्रारम्भ किया गया है।

---

केंद्र सरकार ने देशभर में किसानों के बीच पच्चीस करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए हैं। यह योजना वर्ष दो हजार पंद्रह में शुरू की गयी थी। इसका उद्देश्य भूमि में पोषक तत्वों की कमी को दूर करना है। एक रिपोर्ट...

———बाइट———

सरकार ने कहा है कि ये उपलब्धियां इस योजना के विस्तार और बढ़ते पैमाने को दर्शाती हैं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड हर दो वर्ष के अंतराल पर वितरित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से भूमि की भौतिक–रसायन जानकारी और पोषक तत्वों की स्थिति के बारे में सूचना का प्रसार किया जाता है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को फसल

आधारित खेती करने और सही मात्रा में उर्वरक तथा रासायनिक तत्वों के इस्तेमाल की जानकारी प्रदान करते हैं। इसमें जैविक उर्वरक और खाद के सही उपयोग के तरीके भी शामिल हैं। इसका लक्ष्य किसानों को बेहतर फसल उगाने के निर्णय लेने और लंबे समय तक मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।

---

देश में कई स्थानों पर बर्फबारी और बारिश के चलते प्रदेश के मौसम में बदलाव देखा गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत कई स्थानों के अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है। इस दौरान कोहरे और ठंडी हवाओं से जनजीवन प्रभावित हुआ है। भागलपुर का सबौर सात दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि सर्द हवाओं के कारण राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण–मध्य भागों में विभिन्न स्थानों पर ठंड में बढ़ोतरी होगी। वहीं, कई अन्य क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रह सकता है।

———बाइट———

---

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय– डीजीएचएस ने बताया है कि नीट पीजी परीक्षा के लिए राउंड–थ्री काउंसलिंग प्रक्रिया फिर शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया पोस्ट में डीजीएचएस ने बताया कि काउंसलिंग प्रक्रिया नए पंजीकरणों की सुविधा के साथ फिर शुरू हुई है। अधिक जानकारी मेडिकल काउंसलिंग कमेटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

---

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम ने कहा है कि सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए आदतन अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध अनिवार्य रूप से प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभावी ढंग से चलाये जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान से संबंधित सभी अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये हैं।

---

नागालैंड के सोविमा में खेले जा रहे सी.के. नायडू ट्रॉफी अंडर–ट्वेंटी थ्री प्लेट ग्रुप के मल्टी डे मुकाबले में बिहार की टीम ने अपनी पहली पारी सात सौ चौदह रन बनाकर घोषित कर दी है। पृथ्वीराज ने दो सौ बयासी, प्रशांत कुमार ने एक सौ

चालीस, जबकि विकेट कीपर शशांक उपाध्याय ने एक सौ तेरह रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में नागालैंड की टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट खोकर पच्चीस रन बना लिया है। बिहार को कुल छह सौ उनासी रन की बढ़त है।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने पार्टी के बारह वरिष्ठ नेताओं को राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी है। सूची में धीरेन्द्र कुमार सिन्हा, अरूण भारती, शांभवी चौधरी और राजेश भट्ट शामिल हैं।

---

सुपौल जिले में एसएसबी की पैतालीसवीं वाहिनी के जवानों ने सीमा चौकी भीमनगर के पास से एक व्यक्ति को पाँच लाख बारह हजार नेपाली रुपये के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति नेपाल के सप्तरी जिले का रहने वाला है।

---

सारण जिले की पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर अलग–अलग थाना क्षेत्रों से विभिन्न मामलों में वांछित तैंतीस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

---

अररिया जिले के श्रम भवन में विभिन्न कंपनियों द्वारा एक दिवसीय जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट करेंगी प्रस्तुत।

02. बिहार विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से हो रहा है शुरू। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव तीन फरवरी को राज्य का बजट पेश करेंगे।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में प्रगति यात्रा के दौरान शुरू किये गये विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा दो फरवरी से। परीक्षा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।